हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

13 आरकेएसडी महाविद्यालय बना ओवरऑल चैंपियन



13 यमुनानगर को हरा सेमीफाइनल में पहुंचा जींद



## खबर संक्षेप

### हेरोइन सप्लायर एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

जींद। सीआईए स्टाफ सफीदों ने हेरोइन सप्लायर को गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपित से नशे के नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे मे पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों ने गत दिवस असंध निवासी सचिन को गांव पाजू कलां बस अड्डे से काबू कर कब्जे से 6.75 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

### जमीन की सौदेबाजी कर डेढ़ करोड़ रुपये हड़पे

जींद। गांव रोहड में जमीन की सौदेबाजी कर डेढ़ करोड़ रुपये हपडने तथा रजिस्टरी न करवाने पर महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। छबीलदास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव रोहड निवासी सज्जन सिंह व उसके परिवार ने उसके साथ 128 कनाल जमीन को सौदा किया था।

### रंजिशन हमला करने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

जींद। गांव घोघड़िया में घर में घुस रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घोघड़िया निवासी रामचंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मिया सिंह परिवार से कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते मिया सिंह परिवार उसके घर मे घुस आया और हमला कर दिया।

### तस्करों के कब्जे से 34 बोतल देसी शराब बरामद

कैथल। अवैध शराब तस्करों व खुर्दो पर शिकंजा कसते पुलिस ने 2 आरोपियों को 34 बोतल देसी शराब सहित काबू कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि थाना पुंडरी पुलिस के एचसी विक्रम सिंह व एचसी अयूब खान की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत गांव डींग निवासी गोपी राम के मकान में बनी दुकान पर दबिश देकर आरोपी गोपी को काबू कर लिया गया।

### मारपीट करने पर दो के खिलाफ मामला दर्ज

जींद। उचाना मंडी में युवक पर हमला कर घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव झील निवासी रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उचाना मंडी में आया हुआ था। उसी दौरान उसकी गांव खापड निवासी राजू तथा गांव खरकड़ा निवासी सन्नी से कहासुनी हो गई। जिस पर दोनों ने उस पर हमला कर दिया।

### बाइकों की भिड़त में एक की मौत, दो गंभीर

जींद। सफीदों के साहनपुर मोड पर दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की भिडंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दूसरे बाइक पर सवार महिला समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए खानपुर पीजीआई रेफर किया है। डेरा अंटा निवासी अमित (45) बाइक सवार होकर सफीदों से घर तरफ जा रहा था।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

जींद। गांव खरकबूरा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरकबूरा निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 अक्टूबर को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी को कोई सुराग नही लगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग महिला लापता

जींद। शहर में एक बुजुर्ग महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। शहर थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जैन नगर निवासी नवदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 62 वर्षीय चाची विनोद कुमारी अपने बेटे नकुल के साथ रहती थी। नौ शाम को वह संदिग्ध परिस्थितियों में बिना बताए कहीं चली गई।

---

*त्योहारी सीजन में भीड़ के चलते पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद, शहर में पुलिस के जवान तैनात*

# पुलिस ने लगाए बैरिकेट्स, भारी वाहनों की एंट्री पर बैन

### होटल में बिना पहचान पत्र के अलॉट न करवाएं कमरा

हरिभूमिन्यूज ▶▶| जींद

त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में खरीददारी को लेकर बाजार में भीड़ उमड़ने लगी है। बाजार में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसको लेकर पुलिस द्वारा जगह-जगह बैरिकेटिंग कर दी गई है। इसके अलावा बाजारों में कार, ई रिक्शा और बाहरी वाहनों की एंट्री पर भी रोक लगा दी है। बैरिकेट्स के पास ही पुलिस कर्मचारियों को तैनाती कर दी गई है ताकि वाहन बाजार में प्रवेश कर जाम की समस्या न पैदा कर दें। एसपी ने कुलदीप सिंह एडवाइजरी भी जारी की है। होटलों में बिना पहचान पत्र के कमरा अलॉट न करवाएं। वहीं कोई बाजारों में बाहरी वाहन लेकर गया तो उसका यातायात पुलिस चालान करेगी। शहर की तरफ जाने वाले रास्तों पर की बैरिकेटिंगः शहर में ई रिक्शा सहित बड़े वाहनों के प्रवेश के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। ऐसे में जाम लगने से राहगीरों और ग्राहकों को परेशानी होती है। अब धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में खरीदारी को लेकर भीड़ भी उमड़ रही है।



जींद। बाजार की तरफ जाने वाले रास्ते पर लगाए गए बेरिकेट्स। *फोटो :हरिभूमि*

#### त्योहारी सीजन में भारी भीड़

त्योहारी सीजन में हर कोई खरीददारी करने के लिए बाजार पहुंचता है। नए कपड़े, बर्तन, फर्नीचर, वाहन और सोने-चांदी जैसी चीजें खरीदना शुभ माना जाता है। हजारों की संख्या में हर रोज लोग बाजारों में खरीदारी करने आते हैं। जिससे बाजार में भीड़ लग रही है। शहर के मुख्य बाजारों में रोजाना भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं एसपी कुलदीप सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए अपने-अपने क्षेत्राधिकार में स्थित होटल, धर्मशालाएं, गेस्ट हाउस तथा अन्य आवासीय परिसरों का गहन निरीक्षण करें। किसी भी प्रतिष्ठान में अनैतिक या गैरकानूनी गतिविधियों न हों।

#### जाम की स्थिति न बने

यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए बैरिकेट्स लगाए
जिला यातायात थाना प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए बैरिकेट्स लगा कर पुलिस को तैनात कर दिया है ताकि जाम की स्थिति न बने और ग्राहकों को परेशानी न हो।

#### पुलिस प्रशासन अलर्ट

अब धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में खरीदारी को लेकर भीड़ भी उमड़ रही है। ऐसे में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। भीड़ के कारण शहर के घंटाघर चौक, पालिका बाजार, तांगा चौक, झांझ गेट, बैंक रोड की तरफ बेरिकेटिंग कर दी है। वहीं रानी तालाब, रोहतक रोड, सफीदों गेट पर भी बैरिकेट्स लगा दिए हैं ताकि बाहरी वाहनों और ऑटो ई.रिक्शा बाजारों में न घुस पाए।

## कैथलः मिलावटखोर चुस्त-अधिकारी सुस्त

### मिलावटी मिठाइयां रोकने के सभी दावे हो रहे हवा-हवाई

- आखिरकार कौन होगा जनता के स्वास्थ्य का रखवाला

**आखिरकार कौन होगा जनता के स्वास्थ्य का रखवाला ?**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भले ही जिला प्रशासन त्यौहार पर मिलावटी मिठाइयां रोकने के लाख दावे करे लेकिन यह केवल दावे ही साबित होते आ रहे हैं। जिस प्रकार से स्वास्यि विभाग मिठाइयों में मिलावटी को जांचने के लिए बड़े-बड़े मिष्ठान भंडारों के यहां छापेमारी कर सैपल ले रहा है तो वहीं विभाग के तेवरों को देखते हुए मिष्ठान भंडार वाले भी हाइटैक हो गए हैं। यहां अपने बड़े-बड़े शोरूम पर नाममात्र मिठाई बना रहे हैं क्योंकि इनका मिलावट वाला काम शहर व गांवों के छोटे दुकानदार कर रहे है। गली मोहल्ला, शहर की दूर बस्ती तथा खाली खंडहर मकानों में मिठाइयां बना रहे इन दुकानदारों पर कोई शक भी नहीं करता। मिठाई देने की बात पर एक दुकानदार ने बताया कि उसके पास दीपावली तक मिठाई देने का कोई समय नहीं है तथा न ही वह परचून में मिठाई देगा। उसने बताया कि उसने ब्रांडेड मिठाई विक्रेताओं का टैंडर लिया है तथा वह उसके लिए थोक में मिठाई तैयार कर रहा है।



#### सख्त कार्रवाई होगी

डीएफएसओ कैथल डॉ. पवन चहल ने बताया कि टीम द्वारा नवरात्र में सैंपलिंग की गई थी, जिनकी रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। दीपावली को देखते हुए इस हफ्ते से युद्धस्तर पर अभियान चलाया जाएगा और मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### नियमों को सरेआम दिखा रहे ठेंगा

मार्केट के अधिकतर मिठाई विक्रेता विभागीय नियमों को सरेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। नियमों के अनुसार जहां डिब्बा का वजन अलग से होता है लेकिन दुकानदार उसे भी मिठाई के दाम के साथ ही तोलता है। यही नहीं ट्रे पर पर्ची लगाने का खेल भी खूब चल रहा है। मिठाई विक्रेता सुबह के समय सभी ट्रे पर उसी दिन की पर्ची चिपका देते हैं। यदि मिठाई नहीं बिकी तो अगले दिन उस पर्ची को फाडकर उसके स्थान पर नई तिथि की पर्ची चस्पा कर दी जाती है। अधिकारियों का मिलावटी मिठाइयों पर कार्रवाई से कन्नी काटना दाल में काला की ओर इशारा करता नजर आ रहा है।

#### कास्टिक सोडा का प्रयोग

दूध में डाला जा रहा है बड़े पैमाने पर कास्टिक सोडाजानकारों ने बताया कि दूध अधिकतर एक ही दिन प्रयोग में लाया जा सकता है लेकिन अधिकतर विक्रेता दूध को लंबे समय तक प्रयोग में लाने के लिए इसमें बड़े पैमाने पर कास्टिक सोडा का प्रयोग कर रहे हैं। इसी दूध से मिठाइयां भी तैयार की जा रही हैं। यदि कास्टिक लोहे की जंग उतार सकता है तो यह आम व्यक्ति के स्वास्थ्य पर क्या असर डालेगा, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

#### आखिर कहां से आ रहा दूध

आखिर कहां से आता है मावा के लिए इतना अधिक दूध देखने वाली बात यह भी है कि शहर में अधिकतर दूध की आपूर्ति प्रतिदिन होती है लेकिन दीपावली पर हजारों टन मावा व पनीर के लिए इतना दूध कहां से आता है। ऐसे में मिलावटी दूध से भी इंकार नहीं किया जा सकता। बता दें कि अधिकतर बड़े दुकदानदारों की मिठाई उनके शोरूम पर नहीं बल्कि गोपनीय तरीके से बनाई गई फैक्टरियों में तैयार हो रही हैं। इनमें से अधिकतर की लोकेशन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के पास भी नहीं है।

---

## रोडवेज यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

- कोरोना समय में खड़ी बसों को 50 करोड़ की पेमेंट करने पर ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा एटंक के राज्य प्रधान निशान सिंह, राज्य महासचिव जयबीर घणघसख कार्यकारी प्रधान अनूप लाठर, डिपो प्रधान राममेहर रेढू व सचिव नीतीश शर्मा ने सरकार द्वारा किलोमीटर स्कीम की बसों को कोरोना समय में खड़ी बसों को 40 से 50 करोड़ की पेमेंट देकर सौगात देने के निर्णय की यूनियन ने परिवहन मंत्री के नाम पत्र लिख कर जांच की मांग की है। यूनियन नेताओं ने सोमवार को रोडवेज महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और कहा कि एग्रीमेंट की भी अवहेलना की जा रही है। मुख्यालय के अधिकारी महाप्रबंधकों पर जल्द पेमेंट करने के आदेश बार बार आदेश जारी कर रहे है। पूरे मामले पर यूनियन ने एतराज जताया है। परिवहन मंत्री महानिदेशक को पत्र लिख कर मामले की जांच करने की मांग की है। सरकार ने समय रहते पूरे मामले निष्पक्ष जांच नहीं की तो यूनियन माननीय कोर्ट या आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।



जींद। मांगों को लेकर रोडवेज जीएम को ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन नेता।

## बीएनएस की धारा 112 के तहत कार्रवाई की मांग

**बसपा कार्यकर्ताओं ने एडीजीपी आत्महत्या केस में सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बहुजन समाज पार्टी ने सोमवार को हरियाणा के एडीजीपी वाई पुरन कुमार आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन लघु सचिवालय में सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जाति आधारित प्रताड़ना से आत्महत्या मामले में दोषियों की गिरफ्तारी व अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा बीएनएस की धारा 112 के तहत कार्रवाई की मांग की गई।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते बसपा कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

#### पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मांग की कि डीजीपी शत्रुजीत कपूर, एसपी रोहतक नरेंद्र बिजारणिया एवं अन्य नामजद अधिकारियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। मुकद्मा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा बीएनएस की धारा 112 के तहत चलाया जाए। इस मामले की निगरानी उच्चतम न्यायालय या राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा की जाए। सीजेआई पर हुए हमले की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषियों को संविधान विरोधी कृत्य के लिए दंडित किया जाए। जाति-आधारित उत्पीडन के मामलों में त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

#### बेहद शर्मनाक घटना

घटना पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी गहरा शोक व्यक्त करते इसे जातिवादी मानसिकता की बेहद शर्मनाक घटना बताया है। यह घटना दर्शाती है कि उच्च पदों पर पहुंचने के बावजूद दलित अधिकारियों को जाति के आधार पर अपमानित किया जाता है और यह प्रशासनिक व्यवस्था में व्याप्त भेदभाव का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच, दोषियों की गिरफ्तारी तथा उच्चतम न्यायालय की निगरानी की मांग की है। इसके अतिरिक्त हाल ही में देश के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश ;ब्श्रप्द्ध पर एक व्यक्ति द्वारा जूता फेंकने की घटना अत्यंत निंदनीय है।



कलायत। जन प्रतिनिधियों से बैठक करते एसडीएम अजय हुड्डा।

#### अनुचित प्रभाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

कलायत। कलायत उप मंडल कार्यालय में सोमवार को एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में नगर पालिका उप प्रधान चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जन प्रतिनिधियों से चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम अजय हुड्डा ने स्पष्ट किया कि उप प्रधान का चुनाव ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के माध्यम से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ईवीएम के प्रयोग से चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं रहेगी।प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी वार्ड पार्षदों को चुनाव की प्रक्रिया, समय और मतदान स्थल की जानकारी दी। एसडीएम ने कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाएगा। किसी भी प्रकार के दबाव या अनुचित प्रभाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सड़क हादसे में 14 वर्षीय युवक की मौके पर मौत, दो गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी के पास ढांड रोड पर रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में गांव फरल निवासी 14 वर्षीय किशोर अनुज पुत्र अशोक उर्फ डिंपल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार चालक उज्जवल (20 वर्ष) और मृतक की बहन लक्ष्मी (21वर्ष) नामक युवती गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर मातम का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पूंडरी थाना पुलिस और डायल 112 टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई।

#### ये बोले चौकी इंचार्ज

चौकी इंचार्ज बहादुर सिंह ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब ट्रक सड़क के नीचे से ऊपर की ओर बैक चढ़ रहा था और कार ने पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि मृतक अनुज की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि दोनों घायलों को इलाज के लिए कैथल रेफर किया गया है।



घायलों को कैथल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक अनुज अपनी बहन और मामा के लड़के उज्जवल के साथ पूंडरी से फैमली फंग्सन से गांव फरल घर लौट रहे थे। जब उनकी कार पूंडरी से करीब दो किलोमीटर दूर, चर्च और गुरुकुल के पास पहुंची, तभी नीचे से सड़क पर बैक हो रहे ट्रक से उनकी कार तेज रफ्तार में पीछे से जा टकराई।



अहोई मात की कथा सुनने के बाद सूर्य देवता को जल अर्पण करने के लिए एकत्रित महिलाएं।

#### संतान की दीर्घायु के लिए रखा व्रत

उचाना। संतान की दीर्घायु की कामना, सुख-समृद्धि, उज्जव भविष्य के लिए माताओं ने अहोई माता का व्रत रखा। ये व्रत हर मां की अटूट श्रद्धा, प्रेम और त्याग का प्रतीक है। कारवा चौथ के बाद ये व्रत आता है। सुबह सूर्य उदय होने से पहले महिलाओं ने मीठा व्यंजन खाया। दोपहर को महिलाओं ने एकत्रित होकर अहोई माता की कथा को सुनने के बाद सूर्य देवता को जल अर्पण किया। शाम को अंधेरा होने के बाद तारा निकलने के बाद उसे जल अर्पण कर अपने व्रत को खोला। पुजारी भारतेंदु शास्त्री ने कहा कि मातृत्व की ममता और संकल्प की शक्ति का पर्व अहोई अष्टमी है। ये व्रत संतान की दीघार्य एवं संतान की कामना के लिए रखा जाता है। निर्जला व्रत महिलाओं द्वारा रखा जाता है।

**बैठक** फतेहपुर के माता मनसा देवी मंदिर परिसर में ग्राम सभा की महत्वपूर्ण बैठक

## गांव फतेहपुर को नगरपालिका की बजाए ग्राम पंचायत बने रहने का प्रस्ताव पारित

**विधायक सतपाल जांबा फतेहपुर गांव को नगरपालिका बनाए जाने का प्रयास कर रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फतेहपुर के माता मनसा देवी मंदिर परिसर में सोमवार को ग्राम सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें गांव के सरपंच सोहनलाल वर्मा, पंचायत सदस्य, जिला पार्षद, ग्राम सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि गांव फतेहपुर को नगर पालिका बनाए जाने के प्रयासों का गांववासी विरोध करते हैं और वे चाहते हैं कि उनका गांव ग्राम पंचायत के रूप में ही बना रहे।ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने हाथ उठाकर एकमत से समर्थन जताया कि गांव को नगर पालिका नहीं बनाया जाए, क्योंकि ग्राम पंचायत के रूप में ही उन्हें इस समय सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना था कि गांव फतेहपुर अपनी पहचान, सामाजिक एकता और ऐतिहासिक विरासत के लिए पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में "आहलुवालिया बिरादरी के प्रमुख गांव के रूप में जाना जाता है। इसलिए इसे ग्राम पंचायत के रूप में ही बनाए रखना समाज की एकता और परंपरा के लिए आवश्यक है। इस दौरान सरपंच सोहनलाल वर्मा ने कहा कि वह गांव के हर नागरिक के साथ खड़े हैं और ग्राम सभा में लिए गए सर्वसम्मत निर्णय का पूरा समर्थन करते हैं।



पूंडरी। फतेहपुर में ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव पर सहमति जताते ग्रामीण।

#### ये रहे मौजूद

पंचायत सदस्य बॉबी वालिया, वीरा वालिया, अनिता वालिया, संतोष, सुखविंदर, मुकेश, राजेश, पारस वालिया, अमित गुप्ता, रितिका, पूनम, सोनिया शर्मा, निधि शर्मा, मिंटू, पूर्व सरपंच सनी वालिया, अमृत वालिया, सुल्तान वालिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



जींद। खाली पड़ा तहसील कार्यालय। *फोटो :हरिभूमि*

#### जिलेभर में 450 से अधिक रजिस्टरी अटकी

जींद। एडीजीपी आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सोमवार को तहसीलदारों ने सामूहिक रूप से अवकाश ले लिया। इसके कारण एक भी रजिस्टरी नही हुई। जिले में सोमवार को 450 रजिस्टरी अटक गई। जिसके कारण आम लोगों को बैरंग ही लौटना पड़ा। सोमवार को दो दिन अवकाश के बाद तहसील कार्यालय खुला था। इसको लेकर रजिस्टरी करवाने को लेकर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। सुबह करीब दस बजे ही लोगों की तहसील कार्यालय में लाइन लगनी शुरू हो गई थी। जैसे ही उन्हें पता चला कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार अवकाश पर हैं। इसलिए आज एक भी रजिस्टरी नहीं होगी। इसके बाद लोगों को मायूस होकर बैरंग ही घर लौट गए। पिछले दिनों वरिष्ठ आईपीएस एडीजीपी वाई पूरन ने चंडीगढ़ में अपने आवास पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को मौके पर आठ पेज का सुसाइड भी छोड़ा था। जिसमें प्रदेश के 15 वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए।

## खबर संक्षेप

### ऊर्जा संरक्षण प्रतियोगिता का किया आयोजन

**राजौंद।** एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में ऊर्जा संरक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि कक्षा पांचवी से सातवीं ए ग्रुप व कक्षा आठवीं से दसवीं तक बी ग्रुप। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### सत्रह लाख 35 हजार क्विंटल धान की खरीद

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गत दिवस तक विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 17 लाख 35 हजार क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। चीका मंडी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 6 लाख 4 हजार 650 क्विंटल, हैफेड द्वारा 3 लाख 85 हजार 902 क्विंटल, हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 5 लाख 65 हजार 610 क्विंटल धान की खरीद की है।

### सामान्य ज्ञान विषयों पर स्कालरशिप टेस्ट हुआ

**पूंडरी।** श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल फतेहपुर पूंडरी में कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों का साइंस, गणित, तर्कशक्ति व सामान्य ज्ञान जैसे विषयों पर एक स्कालरशिप टेस्ट का आयोजन किया।जिसमे श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल के और आस-पास के स्कूल के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। परीक्षा का मुख्य उददेश्य बच्चो के अंदर प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा के लिए तैयार करना व उनकी हिचकिचाहट को दूर करना हैं।

### छात्र पर सुए और डंडों से हमला, मामला दर्ज

**कैथल** । एक छात्र को यह कहना महंगा पड़ गया कि शहर में उससे कोई हाथ मिलाने वाला नहीं है। इसकी रंजिश को लेकर छात्र पर सुए और डंडों से हमला कर दिया गया। न्यू बैंक कालोनी निवासी हैप्पी की शिकायत पर मंजीत, लवली गुर्जर सहित अन्य के विरुद्ध सिटी थाना में केस दर्ज किया है।

### एक लाख के सिक्के दुकानों पर वितरित

**जींद।** जींद में 10 रुपये के सिक्के के प्रचलन को बढ़ाने के लिए व्यापार मंडल आगे आया है। व्यापार मंडल ने एक लाख रुपये के सिक्के बैंक से लाकर इसे बाजार में वितरित किया है। यह सब त्यौहारी सीजन में सिक्के के प्रचलन को बढ़ाने की खातिर किया गया है। गौरतलब है कि 10 रुपये के सिक्के का प्रचलन जींद में नही के बराबर है। न तो इसे दुकानदार लेने को तैयार है और न ही आम आदमी। 10 का सिक्का प्रचलन में लाने के लिए अब व्यापार मंडल ने पहल की है।

### धान अवशेष में आगजनी के मामले में केस दर्ज

**कैथल।** धान का सीजन अब जोर पकड़ रहा है और ऐसे में धान अवशेष में आगजनी के मामले भी सामने आने लगे हैं। धान अवशेष में आगजनी को लेकर जिले में इस सीजन का पहला केस दर्ज किया गया है। गांव पाई के ग्राम सचिव गुरमिल की शिकायत पर गांव पाई निवासी किसान गुरदेव के विरुद्ध प्रदूषण एक्ट की धाराओं के तहत पूंडरी थाना में केस दर्ज किया है।

### किठाना कॉलेज में मनाया अहोई अष्टमी पर्व

**राजौंद।** किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन किठाना में अहोई अष्टमी पर्व को उत्साह के साथ मनाया गया। अहोई अष्टमी पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है।जिसमें सभी माताएं अपने बच्चों की सेहत, सुरक्षा और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती है।कॉलेज प्राचार्या डॉ.निर्मल सिंहरोहा ने सभी प्राध्यापिकाओं को पावन पर्व की शुभकामनाएं दी।

### जयपुर में जाट अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**राजौंद।** जाट अंतरराष्ट्रीय संसद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज चहल ने बताया कि जयपुर में जाट अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हरियाणा के विभिन्न हिस्सों से गाड़ियों के काफिले के साथ हजारों की संख्या में समाज के लोग जयपुर पहुंचे। बताया कि जयपुर में इस सम्मेलन का आयोजन,जाट समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण रहा।

*इंदिरा गांधी नेशनल कालेज लाडवा में आयोजन*

# जोनल यूथ फेस्टिवलः आरकेएसडी महाविद्यालय बना ओवरऑल चैंपियन

### 72 कालेज के 400 प्रतिभागियों ने विधाओं में लिया हिस्सा

**44 में से 34 विधाओं में कालेज ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

इंदिरा गांधी नेशनल महाविद्यालय लाडवा में 11 से आयोजित तीन दिवसीय 48वां जोनल यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति डा सोमनाथ सचदेवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र जोन के 72 कालेजों के 400 प्रतिभागियों ने विधाओं में हिस्सा लिया। तीन दिनों की सभी प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रस्तुतियों के आधार पर आर के एस डी कालेज ने ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी जीतकर माहौल को हर बार की तरह उत्साह और गौरवपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में 44 विधाओं को 5 वर्गों में बांटा गया। 5 ट्रॉफी में से कालेज ने 2 ट्रॉफी थिएटर एवं साहित्यिक ट्रॉफी भी प्रात की। इनमें 44 में से 34 विधाओं में कालेज ने भाग लिया। जिसमें 14 विधाओं में प्रथम स्थान यानी रिकमेंड, 7 विधाओं में कमेंडिड, 5 विधाओं में तृतीय स्थान प्राप्त कर 26 विधाओं में प्रथम साथ प्राप्त कर ओवरऑल ट्रॉफी जीतने का सिलसिला बरकरार रखा।



कैथल। 48वें जोनल यूथ फेस्टिवल का आर के एस डी महाविद्यालय बना ओवरऑल चैंपियन बनने पर खुशी से झूमते छात्र-छात्राएं।

**ये रहे मौजूद**

डॉ विकास भारद्वाज, डॉ विनय सिंघल, डॉ बिजेंद्र कुमार, डॉ जयबीर धारीवाल, डॉ अनुकृति, डॉ मनोज बंसल, प्रो अनीता, प्रो नेहा उस्मानी ने तीनों दिन प्रतिभागियों का सुचारू रूप में मार्गदर्शन कर मनोबल बढ़ाया।

**11 वर्षो से हरियाणवी स्कीट में प्रथम**

आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल की प्रबंधन समिति एवं आरवीएस के प्रधान अश्वनी शोरेवाले, आरवीएस के उपप्रधान श्याम बंसल, प्रबंधन समिति के उपप्रधान महेश मंगल अधिवक्ता, आरवीएस एवं प्रबंधन समिति के महासचिव पंकज बंसल, आरवीएस के कोषाध्यक्ष अशोक मंगला, प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष सुनील चौधरी एवं सभी सम्मानित साथियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजबीर पाराशर, सांस्कृतिक विधाओं के ओवरऑल इंचार्ज डॉ अशोक अत्री, सह संयोजक प्रो ऋचा लांगयान, डॉ राजीव शर्मा एवं सभी विधाओं के इंचार्ज, प्राध्यापक साथियों को हार्दिक बधाई देते कहा कि यह उपलब्धि सिर्फ महाविद्यालय की नहीं अपितु सारे शहर की उपलब्धि है, महान संस्थान ने सदैव सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रथम स्थान हासिल करने की परंपरा को बनाए रखा है।विदित रहे कि डॉ राजीव शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय ने पिछले 11 वर्षो से लगातार हरियाणवी स्कीट में प्रथम स्थान हासिल किया है।

**ये रहे विजेता**

प्रथम स्थान
लोक गीत हरियाणवी
माइम, संस्कृत ड्रामा
प्रश्नोत्तरी, हरियाणवी पॉप गीत
रसिया नृत्य, हरियाणवी स्कीट
वन एक्ट प्ले (हिंदी नाटक)
मिमिक्री, वाद विवाद (विरोध में) हरियाणवी एकल नृत्य (पुरुष)
ग्रुप डांस सामान्य, सांग
हरियाणावी आरकेस्ट्रा
द्वितीय स्थानः, क्रिएटिव कोरियोग्राफी, लाइट वोकल इंडियन (गायन),एकल नृत्य (महिला),वाद विवाद (पक्ष)
लोक वाद्य एकल, एल्यूकेशन हिंदी
हरियाणवी समूह नृत्य,तृतीय स्थानः,लूर नृत्य
लोक गीत सामान्य
रिचुअल्स
हरियाणवी समूह गीत
पोस्टर मेकिंग।

# एडीजीपी मामले की जांच निष्पक्ष हो : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जाट धर्मशाला में सोमवार को एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार आत्महत्या मामले को लेकर उपजे हालातों को लेकर खाप पंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ढांडा खाप के प्रधान देवव्रत ढांडा ने की। पंचायत में लगभग दो दर्जन खापों के चौधरियों के अलावा मौजिज लोग भी मौजूद रहे। इससे पूर्व मृतक एडीजीपी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। खाप चौधरियों ने साफ कहा कि दोषियों को बख्शा नही जाना चाहिए और निर्दोषों को परेशान न किया जाए। जांच बिना किसी दबाव के निष्पक्ष होनी चाहिए।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते देवव्रत ढांडा। *फोटो :हरिभूमि*

**आर्य समाज**

खाप चौधरियों ने कहा कि कुछ लोग जातिय रंग देकर सामाजिक तानेबाने तथा भाईचारे को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। जो कि सरासर गलत है। देवव्रत ढांडा ने कहा कि खापों की संवेदनाएं वाई पूर्ण परिवार के साथ हैं। मामले की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। जो बिना दबाव के निष्पक्ष होनी चाहिए। जो भी दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सच्चाई सभी के सामने आनी चाहिए। अधिकारी की कोई जाति नही होती है। वह राष्ट्रहित तथा लोकहित में कार्य करता है। इसे जाति-पाति में बांट कर भाईचारे को खराब न करें। जाट शिक्षण संस्थाओं के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर सिंह रेढू ने कहा कि इतने बड़े अधिकारी ने यह कदम उठाया तो छोटे आदमी के क्या हालात होंगे। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जांच से पूर्व किसी की गिरफ्तारी नही होनी चाहिए। दोषी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सबसे बड़ी बात भाईचारे को बनाए रखने की है।





कैथल। दोषियों की गिरफ्तारी न होने के विरोध में पेहवा चौक पर धरना देते।

## दोषियों को गिरफ्तार करे सरकार

**कैथल।** हाल ही में घटित स्वर्गीय वाई पूरन कुमार (एडीजीपी) प्रकरण को लेकर पूरे प्रदेश में गहरा रोष है। आप की तरफ से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए उपायुक्त को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर माँग की -. आप की प्रमुख मांग है कि प्रकरण में शामिल सभी आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की जाए। साथ ही, इस पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आए और दोषियों को कठोर दंड मिले। आप ने सरकार को 48 घंटे का अंतिम अल्टीमेटम दिया है कि इस अवधि के भीतर सभी आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाए। यदि निर्धारित समय सीमा में सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, तो आप रोड पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करेगी। आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि दोषियों की गिरफ्तारी, निष्पक्ष न्यायिक जांच और न्याय की पूर्ण स्थापना नहीं हो जाती।इस जिलाध्यक्ष जगमग मटौर, मास्टर सतबीर गोयत, अमरीक सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**कैथल।** पराली से भरे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। गांव कांगथली निवासी ऋषि कुमार की शिकायत पर सीवन थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि उसके 46 वर्षीय पिता शिव कुमार खेती बाड़ी का कार्य करते थे। 11 अक्टूबर को वह और उसके पिता खेतों में गए हुए थे। खेतों में काम करने के बाद रात करीब साढ़े आठ बजे दोनों अलग-अलग बाइक पर घर के लिए चले थे। गांव कांगथली रोड पर डेरा हरि सिंह क्षेत्र गांव रामदासपुरा के पास पहुंचे तो पराली से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने उसके पिता की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की सहायता से उसके पिता को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। चालक ने ट्राली में ओवरलोड पराली भरी हुई थी। सीवन थाना पुलिस के एएसआइ अमृतलाल ने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

**इनेलो एससी सैल के जिलाध्यक्ष कांग्रेस में शामिल**

**कैथल।** बढ़ते दलित-गरीब विरोधी रवैये के खिलाफ कांग्रेस के दिग्गल नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि भाजपा, जो संविधान बदलने का ऐलान करती फिरती है, उसे 2024 के लोकसभा चुनावों में एससी,बीसी व गरीब ने महज 240 सीटों पर रोक दिया। यह जनादेश भाजपा के मनुवादी और भेदभावपूर्ण एजेंडे के खिलाफ एक कड़ा संदेश है। सुरजेवाला ने कैथल से इनेलो एससी सैल के जिलाध्यक्ष रामनिवास मेहरा का कांग्रेस में स्वागत करते कहा कि आज रामनिवास मेहला जैसे योद्धा हमारे साथ जुड़ रहे हैं, जो भाजपा के अन्यायी शासन के खिलाफ लड़ेंगे। हम सब मिलकर इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। अवसर पर सुदीप सुरजेवाला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढाँड़, सतबीर दबलैन, एससी सैल जिलाध्यक्ष लख्मी पबनावा, जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र शर्मा बलवंती सहित अन्य साथी मौजूद रहे।



रामनिवास मेहरा का स्वागत करते राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला।



उचाना। जन समस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

**मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में सशक्त**

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में सशक्त और आत्मनिर्भर बन रहा है। कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य अपनाकर, चुनौतियों को पार करते मोदी सरकार देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। अत्री ने कहा कि लोकल फॉर वोकल के तहत हमें देश में बनी वस्तुओं को ज्यादा से ज्यादा अपने जीवन में अपनाना है और दूसरे लोगों को भी जागरूक करना है। भाजपा का लक्ष्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नहीं है। पार्टी का उद्देश्य जनता की सेवा करना और देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। मोदी और नायब सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का आग्रह किया।

**फेस्टिवल युवा एवं सांस्कृतिक भाग लिया**

**कैथल।** श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत की छात्राओं ने इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा में चल रहे 48 वे जोनल युथ फेस्टिवल में भाग लिया । फेस्टिवल युवा एवं सांस्कृतिक विभाग कुविवि के सौजन्य से 11 से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया गया । महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया तथा दो विधाओं रिचुअल तथा वेस्टर्न वोकल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । प्राचार्या डॉ. सुनील गर्ग ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रितु देवी ने बताया कि समय - समय पर कालेज में सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है तथा कालेज स्तर पर प्रतिभावान छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए दूसरे कालेजों तथा विश्वविद्यालयों में लेकर जाया जाता है ।





कैथल। सांस्कृतिक प्रोग्राम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

**समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनी 10 जन समस्याएं**

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन की विभिन्न शिकायतें सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक की शिकायत का समयबद्ध और पारदर्शी निपटान सुनिश्चित करना है। सभी विभागों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनता को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो। शिविर के दौरान पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, आय में सुधार, राशन कार्ड, नगर परिषद तथा राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से किया जाए। गांव रामराये के निवासियों ने पानी की पाइप लाइन में लीकेज के कारण गलियों में जलभराव की शिकायत रखी। वहीं गांव फरेन कलां के लोगों ने खेतों में नरवाना की सीवरों के पानी से हो रहे जलभराव की समस्या बताई।





जींद। किसानों को फसल प्रबंधन की जानकारी देते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## फसल प्रबंधन की जानकारी दी

**जींद।** हरियाणारू रूट्स फाउंडेशन और चंबल फर्टिलाइजर्स के प्रोजेक्ट भूमि के तहत जिला स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह परियोजना हरियाणा के जींद जिले में पराली के अवशेषों को जलाने की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। भूमि परियोजना हरियाणा के 120 गांवों को कवर करेगी। जिसमें जींद, फतेहाबाद, सोनीपत और हिसार शामिल हैं तथा इस परियोजना का 35 हजार किसानों तथा 70 हजार एकड़ जमीन पर आग न लगने देने का लक्ष्य है। रूट्स फाउंडेशन से साहिल शर्मा ने किसानों को भूमि परियोजना के उद्देश्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से एसडीएओ डा. सुनील कुमार दलाल ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन यांत्रिकी पर राज्य और केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं और प्रोत्साहनों के बारे में जानकारी दी। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपलब्ध मशीनों के कार्यों का बारीकी से वर्णन किया। बागवानी विकास अधिकारी दीपक वर्मा ने किसानों को बागवानी फसलों के बारे में बताया।

# आम आदमी पार्टी को झटका, सुभाष ने स्टेट वाइस प्रेजीडेंट पद से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

आम आदमी पार्टी के कर्मचारी प्रकोष्ठ के राज्य उपप्रधान (ईसी सैल के स्टेट वाइस प्रेजीडैंट) सुभाष कौशिक ने जनहितों की अनदेखी का हवाला देते पाटी को अलविदा कह दिया है। यह जींद में ही नहीं प्रदेशभर में पार्टी के लिए बड़ा झटका है। सुभाष ने प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता को भेजे इस्तीफा पत्र में कहा कि पार्टी हरियाणा में लोगों की जनभावनाओं के अनुरूप खरा नही उतर रही। वर्तमान में हरियाणा के अंदर सिस्टम पटरी से उतरा हुआ है। कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है।

**मंहगाई का आलम लोगों को रूला रहा**



मंहगाई, भ्रष्टाचार का आलम लोगों को रूला रहा है। बेरोजगारी ने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। बहु-बेटियां सुरक्षित नहीं है। असमाजिक तत्वों का बोलबाला बना हुआ है। जनता चहुंओर त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, किंतु पार्टी इस दर्द को बांटने के लिए कही भी मैदान में नहीं उतर रही। राजनीतिक मंच सेवा का सबसे सशक्त माध्यम होता है, किंतु आम आदमी पार्टी इस सोच की पूरी तरह से अनदेखी कर रही है। इसलिए मैं अपनी सदस्यता और ईसी सैल के स्टेट वाइस प्रेजीडैंट पद से इस्तीफा दे रहा हूं। सुभाष कौशिक ने कहा कि एक सीनियर आईपीएस अधिकारी सिस्टम से आहत होकर मौत को गले लगा लेता है।

**समाज सेवा का सिलसिला जारी रहेगा**

ऐसी व्यवस्था के बीच उनकी धर्मपत्नी जो सीनियर आईएएस अधिकारी है उसे न्याय पाने के लिए जदोजहद करनी पड़ रही है। जब खास लोगों के ये हालात है तो आम व्यक्ति तो पूरी तरह से रामभरोसे चल रहा है। सुभाष कौशिक ने कहा कि सिस्टम को संवारने और दोषियों को सामने लाने के लिए सबको एक साथ आवाज बुलंद करनी होगी। सरकार इस बात पर अमल करे कि कसूरवार बचना नहीं चाहिए और बेकसूर फंसना नहीं चाहिए। कौशिक ने कहा कि वे जल्द ही अपने साथियो के साथ रायशुमारी करके अपनी राजनीतिक दिशा तय करेगें। समाज सेवा का सिलसिला निरंतर चलता रहेगा।



जींद। बैठक में भाग लेते बार सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

## निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

**जींद।** हरियाणा में आईपीएस वाई पूरन सिंह सुसाइड मामले को लेकर जींद बार एसोसिएशन ने सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की है। बार एसोसिएशन का कहना है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच सीबीआई या हाई कोर्ट के सिटिंग जज से करवाई जाए ताकि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष और न्याय तथा निष्पक्षता की भावना पर खतरा नहीं आए। जिला बार एसोसिएशन के सदस्य सोमवार को जिला बार में एकत्रित हुए। यहां एसोसिएशन के जिला प्रधान विकास लोहान, विशाल खटकड़, अजय बूरा, संदीप कौशिक, विजय सोलंकी, शक्तिवीर, मंजीत, प्रशांत साहू ने कहा कि हरियाणा में वाई पूरन कुमार की खुदकुशी दुखद घटना है। इस घटना से पूरा प्रदेश व समाज का हर व्यक्ति आहत है। इस घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। मामले को जातिगत रंग न दिया जाए। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और पूरे समाज में छत्तीस बिरादरी का भाईचारा बना रहे। विकास, विशाल ने कहा कि वह न्यायपालिका का सम्मान करते हैं लेकिन इस पूरे घटनाक्रम की जांच सही तरीके से होनी चाहिए।

### स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में टीमों ने जीत के लिए बहाया पसीना

# यमुनानगर को हरा सेमीफाइनल में पहुंचा जींद

- अंडर 17 आयु वर्ग लड़कियों के मुकाबले में रोहतक ने फतेहाबाद को किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

प्रदेशस्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को दूसरे दिन जारी रही। मुख्यातिथि के रूप में एईओ पानीपत कर्ण सिहं पूनिया, चरखी दादरी के एईओ प्रदीप सांगवान, प्राचार्य बिजेंद पूनिया और डीईओ डाण विजयलक्ष्मी ने शिरकत की। एईओ अमित कुमार ने बताया कि दूसरे दिन हैंडबॉल के लड़कियों के मुकाबले में अंडर 14 आयु वर्ग में जींद ने यमुनानगर को, भिवानी ने कुरुक्षेत्र को व कैथल ने रोहतक को हरा कर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अंडर 17 आयु वर्ग लड़कियों के मुकाबले में रोहतक ने फतेहाबाद को, जींद ने कुरुक्षेत्र को, कैथल ने सिरसा को व हिसार ने सोनीपत को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं अंडर 19 आयु वर्ग लड़कियों के हैंडबाल मुकाबले में जींद ने कुरुक्षेत्र को, अंबाला ने पानीपत को, पलवल ने करनाल को व भिवानी ने यमुनानगर कोए कैथल ने सोनीपत को, फरीदाबाद ने रेवाड़ी को, सिरसा ने झज्जर को व हिसार ने फतेहाबाद को हराकर क्वार्टर फाइनल मुकाबला के लिए जगह बनाई। अंडर 19 आयु वर्ग लड़कियों के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जींद ने अंबाला को, पलवल ने भिवानी को, कैथल ने फरीदाबाद को व हिसार ने सिरसा को हरा कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई।



जींद। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। *फोटो :हरिभूमि*

**फाइनल मुकाबले आज**

वहीं खो-खो अंडर 17 आयु वर्ग में जींद ने पानीपत को व झज्जर ने सिरसा को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंडर 19 आयु वर्ग लड़कियों के मुकाबले में हिसार और भिवानी ने अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर 14 आयु वर्ग लड़कों के मुकाबले में कैथल ने सिरसा को, जींद ने रेवाड़ी को, पानीपत ने यमुनानगर को व चरखी दादरी ने फतेहाबाद को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं अंडर 19 आयु वर्ग लड़कों के मुकाबले में कैथल ने यमुनानगर को, रेवाड़ी ने नूंह को, हिसार ने भिवानी को, सोनीपत ने चरखी दादरी को, फतेहाबाद ने कुरुक्षेत्र को, पानीपत ने पलवल को, जींद ने सिरसा को व रोहतक ने महेंद्रगढ़ को हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले मंगलवार को खेले जाएंगे।



जींद। कैंप में आंखों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

## 250 मरीजों की आंखें जांची

**जींद।** लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा 55वां आंखों का कैंप अग्रवाल धर्मशाला में लगाया गया। इस कैम्प में मुख्यातिथि के रूप में जींद जेल एसपी दीपक शर्मा और सम्मानित अतिथि केसी गुप्ता ने शिरकत की। कैंप में चार्टर अध्यक्ष सुरेश जिंदल, क्लब प्रधान विकास मित्तल, क्लब के सभी सदस्य व साहिल जिंदल मौजूद रहे। कैंप में करीब 250 मरीजों के आंखों की जांच की। जिसमें 50 मरीजों को ऑप्रेशन के लिए दिल्ली वेन्यू आई इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर में ले जाएगा। अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा। मंगलवार को ये सभी वापस अग्रवाल धर्मशाला में आएंगे और 50 मरीज मंगलवार को दिल्ली जाएंगे ऑपरेशन के लिए जाएंगे। इस कैंप में जींद व गांवों से आए बुजुर्गों, माताओं व बहनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और संस्था की सराहना की। अभी तक क्लब दस हजार आंखों के सफल आप्रेशन करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आंखों की रोशनी के बिना मनुष्य का जीवन अधुरा है। निस्वार्थ मानवता की सेवा ही भगवान की सेवा हैं। थोड़ी सी ही लापरवाही आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है।

## खबर संक्षेप

### विपुल व हंसिका की टीम रही द्वितीय

**जींद।** भारत विकास परिषद भूतेश्वर शाखा जींद के द्वारा जिला स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल की सीनियर टीम में विपुल व हंसिका ने भाग लिया तथा जूनियर टीम में अंश व संध्या ने भाग लिया। विपुल व हंसिका सीनियर टीम ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान व अंश व संध्या जूनियर टीम ने टॉप आठ में स्थान हासिल किया। इन चारों विद्यार्थियों को आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहिरका द्वारा भी उन्हें नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक वजीर ढांडा व प्रधानाचार्या सुधा शर्मा व प्रिंसिपल मोनिका भाटी ने भी उनको बधाई दी।

### पूंडरी के प्रसिद्ध चिकित्सक परिवार का भव्य सम्मान

**पुण्डरी।** पूंडरी के जाने-माने चिकित्सक परिवार ने एक बार फिर समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। पूंडरी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुभाष बंसल, उनकी पत्नी सविता बंसल, पुत्र डॉ. नितिन बंसल और पुत्रवधू लेडी स्पेशलिस्ट डॉ. स्तुति मोदी बंसल को करनाल की अग्रकुल संस्था की ओर से भव्य अग्रसेन जयंती समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में करनाल की मेयर रेनू बाला और आरएसएस के प्रमुख पवन जिंदल उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने मंच से बंसल परिवार को समाजसेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया।

### जाट संसद कार्यक्रम में संदीप ने की शिरकत

**उचाना।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 12 अक्टूबर को आयोजित अंतराराष्ट्रीय जाट संसद कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश महासचिव संदीप चहल ने कार्यक्रम में शिरकत की। यहां पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के अलावा विभिन्न राज्यों से जाट समाज से प्रमुख लोग पहुंचे। चहल ने बताया कि सम्मेलन में जाट समाज की एकत, शिक्षा, राजनीतिक भागीदारी के साथ-साथ सामाजिक शक्तिकरण जैसे विभिन्न मुद्दों पर विचार वक्ताओं ने रखे। इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते है जिसमें जाट समाज के प्रमुख लोग हिस्सा लेते है। ये कार्यक्रम समाज के गौरव, युवा नेतृत्व और संगठनात्मक मजबूती को समर्पित रहा।

### एमरजेंसी वार्ड में उपचार की सुविधा में इजाफे से राहत

# स्वास्थ्य अधिकारियों की सख्ती से शुरू हुआ एमरजेंसी वार्ड

**पिछले 25 दिनों से नागरिक अस्पताल में रेनोवेशन का कार्य जारी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। नागरिक अस्पताल में शुरू हुआ एमरजेंसी वार्ड। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में पिछले 25 दिनों से रेनोवेशन का कार्य जारी है। जिसके चलते एमरजेंसी वार्ड को भी दस से बीस बैड का किया जाना था।

पिछले एक पखवाड़े से एमरजेंसी वार्ड में तोड़ फोड़ के चलते खुले में एमरजेंसी चलाई जा रही थी। वार्ड में काम इतना धीमा गति से चल रहा था कि स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस प्रतिक्रिया का असर यह हुआ कि सोमवार से एमरजेंसी वार्ड शुरू हो गया।

पहले की तरह ही वार्ड में दस की बजाए बीस बेड लगाए गए और उन पर उपचार शुरू किया गया। हालांकि वार्ड पूरी तरह से तैयार नही हुआ है। बावजूद इसके एमरजेंसी वार्ड में उपचार मिलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। सोमवार को स्वास्थ्य अधिकारियों ने वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### मरीजों को थी परेशानी

नागरिक अस्पताल में गंभीर मरीजों की एमरजेंसी वार्ड में बेहतरीन सुविधाएं मिल सके, इसके लिए इस वार्ड को 10 बेड की क्षमता को बढ़ा कर 20 बेड का किया गया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार इस विस्तार से मरीजों को समय पर इलाज और बेड की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। जिससे उनकी परेशानियां कम होंगी। बाकायदा इसके लिएड्राइंग तैयार की गई और एमरजेंसी वार्ड के पीछे के कमरों का चयन किया गया। सीएमओ डा. सुमन कोहली सहित अन्य अधिकारियों की विजिट के साथ ही तुरंत प्रभाव से एमरजेंसी बढाने का काम शुरू हुआ।

### ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए 17 लाख का टेंडर

ऑक्सीजन गैस सिलेंडर सप्लाई के लिए भी 17 लाख रुपये का टेंडर जारी किया है। इस टेंडर की टेक्निकल बिड 27 अक्टूबर को खोली जाएगी। अस्पताल में प्रतिदिन 1800 से दो हजार मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। 15 से 20 मरीज भर्ती होते हैं।

### एमरजेंसी वार्ड में ओपीडी शुरू

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि एमरजेंसी वार्ड में ओपीडी को शुरू कर दिया गया है। वहीं ऑक्सीजन गैस सिलेंडर सप्लाई के लिए भी 17 लाख रुपये का टेंडर जारी किया है। इस टेंडर की टेक्निकल बिड 27 अक्टूबर को खुलेगी। पुराने भवन में तीन करोड़ रुपये की लागत से पूरे भवन में फायर फाइटिंग का कार्य करवाया जाएगा। अस्पताल प्रशासन का प्रयास है कि आमजन को अस्पताल में उपचार की हर सुविधा मिले।

### 14 करोड़ से बिल्डिंग का जीर्णोद्धार

नागरिक अस्पताल में लगभग 14.91 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इस राशि से अस्पताल के भवन को निजी अस्पतालों की तर्ज पर बेहतर लुक व सुविधाएं दिए जाने का प्रयास किया गया है। इस समय भवन के टपक रहे लेंटर का सुधार, वाहनों की पार्किंग, शौचालय समेत अन्य सभी जरूरत के सुधार को लेकर काम जारी है। इसके अलावा मरीजों की सुविधा के लिए एमरजेंसी वार्ड का भी विस्तार किया गया है।

### तीन करोड़ से फायर सिस्टम

नागरिक अस्पताल कीपुरानी बिल्डिंग में लगभग तीन करोड़ की लागत से फायर फाइटिंग सिस्टम भी लगाया जा रहा है। वहीं नई बिल्डिंग में पहले से मौजूद सिस्टम की मरम्मत और अपग्रेडेशन किया जाएगा। दोनों भवनों में सिस्टम के सक्रिय होने के बाद अस्पताल परिसर में 24 घंटे फायर सेफ्टी मॉनिटरिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके तहत सेंसर, स्प्रिंकलर, फायर अलार्म, पाइप लाइन और हाइड्रेट सिस्टम जैसी तकनीक लगाई जाएगी।

# अहिरका के सरपंच ने ईमानदारी की मिसाल पेश की, लौटाया कीमती पर्स

**अहिरका के सरपंच मनदीप सिंह को सड़क पर पड़ा मिला पर्स, पुलिस को सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। एसएचओ बलजीत सिंह की मौजूदगी में असली मालिक को उसका सामान लौटाते अहिरका के सरपंच मनदीप सिंह।

मानवता और ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए गांव अहिरका के सरपंच मनदीप सिंह ने रास्ते में मिला पर्स उसके असली मालिक को लौटा कर सबका दिल जीत लिया। यह पर्स बठिंडा निवासी सतनाम सिंह का था। जो अपने परिवार सहित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सफीदों आए थे। सफीदों से जींद के रास्ते वापस पंजाब जाते समय रास्ते में उनकी पत्नी का पर्स गिर गया। पर्स में मोबाइल फोन, जरूरी कागजात, आधार कार्ड और सोने का ताबीज सहित लगभग दो लाख रुपये मूल्य का सामान था। यह पर्स अहिरका के सरपंच मनदीप सिंह को सड़क पर पड़ा मिला। उन्होंने बिना देर किए इसे थाना सदर जींद में जमा करा दिया। एसएचओ बलजीत सिंह के प्रयासों से पर्स के मालिक तक संपर्क किया गया। रविवार को थाना सदर में एसएचओ बलजीत सिंह की मौजूदगी में सरपंच मनदीप सिंह ने सतनाम सिंह को उनका पर्स व सामान वापस सौंपा।

# जाट महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रिचुअल में प्रथम स्थान प्राप्त किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

आज जाट पी.जी .महाविद्यालय कैथल के कल्चर कमेटी के कन्वीनर डॉक्टर कर्मवीर चहल ने मीडिया को बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के द्वारा इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा में चल रहे 48 में यूथ फेस्टिवल में जाट पी.जी. महाविद्यालय कैथल की टीम ने लूर हरियाणवी डांस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं रिचुअल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, इस युवा उत्सव में लगभग 300 टीमों ने अलग-अलग विधाओं में भाग लिया, इस जीत की खुशी से पूरे जाट कॉलेज में खुशी की लहर दौड़ रही है ,जाट महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार ढिल्लों ने छात्र एवं छात्राओं को एवं कल्चर कमेटी को बधाई दी, जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रबंधक समिति के प्रधान राजकुमार बैनिवाल, उप प्रधान बलजिंदर सिंह बनवाला, सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने कल्चर कमेटी एवं टीम को बधाई दी।

# कैथल की पुरुष व महिला रिले टीम का चयन कल

**हरियाणा ओलंपिक खेलों के लिए किया जा रहा है खिलाड़ियों का चयन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद



महासचिव सोहन पाल राणा।

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव सोहन पाल राणा ने बताया कि हरियाणा ओलंपिक खेलों के लिए जिला कैथल की रिले टीम पुरुष एवं महिला का चयन दिनांक 15 -10 -2025 को 4 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद के खेल प्रांगण में किया जाएगा जिसमें पुरुष एवं महिला 4x100 एवं 4x400 मीटर रेस के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी जिला कैथल की तरफ से हरियाणा ओलंपिक खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिले के सभी इच्छुक खिलाड़ी समय पर पहुंचकर ट्रायल में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी ट्रायल में पहुंचेंगे, उन्हीं में से चयन किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रधान कंवर पाल राणा वाइस प्रधान कुलदीप सिंह सहसचिव सतनाम कोच चीका, अतुल राणा, सुखदेव एवं अमित राणा संगठन के की अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# नैतिकता के आधार पर सीएम पद से इस्तीफा दें नायब सैनी : बीरेंद्र सिंह

**कहा : समाज और प्रशासन दोनों को जातिगत सोच से मुक्त कराने की आवश्यकता**

**वाई पूरन कुमार की मौत नौकरशाही में बढ़ते जातिगत भेदभाव का प्रमाण : बृजेंद्र**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि सद्भाव यात्रा समाज में नई चेतना जगा रही है। जो हरियाणा में भाईचारे और सामाजिक एकता का नया अध्याय लिख रही है। सदियों से जो समाज मे भाईचारा है। उसे राजनीतिक स्वार्थ के लिए बांटा गया। अब समाज इसका विरोध करने के लिए खड़ा हो रहा है। उन्होंने सीएम नायब सैनी से नैतिकता के आधार इस्तीफा देने की मांग की। यात्रा में लोगों ने काली पट्टी बांध कर दलितों पर हो रही प्रताडन्ना के खिलाफ विरोध भी जताया। बीरेंद्र सिह सद्भाव यात्रा के नौंवें दिन सोमवार को पटियाला चौक पर पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बरेली में दलित युवक की हत्या और हरियाणा में आईपीएस वाई पूरन कुमार की मौत, ये दोनों घटनाएं दिखाती हैं कि समाज और प्रशासन को जातिगत सोच से मुक्त कराने की आवश्यकता है। जांच सुप्रीम कोर्ट या किसी रिटायर्ड जज से कराई जानी चाहिए।

### विधायक आदित्य को नहीं है समझ : सुरभि गर्ग



चेयरपर्सन सुरभि गर्ग

**कैथल।** नगर परिषद कैथल की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला द्वारा चिल्ड्रन पार्क में एक नाबालिग बच्चे के प्रति की गई अनुचित टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विधायक आदित्य सुरजेवाला एक बच्चे से कहते हुए सुने जा सकते हैं — आप कश्ती में बैठे हो, अब अपनी गर्लफ्रेंड के साथ बैठना। ऐसा बयान न केवल सार्वजनिक पद की गरिमा के विपरीत है, बल्कि समाज में गलत संदेश देने वाला भी है। किसी भी जनप्रतिनिधि से ऐसी असंवेदनशील और अशोभनीय भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि विधायक आदित्य सुरजेवाला ने चिल्ड्रन पार्क और जवाहर पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से बातचीत करते हुए असभ्य शब्द कहे, जो अत्यंत निंदनीय हैं। उन्होंने कहा ऐसी बातों से बच्चों को क्या सीख मिलेगी, इसका अंदाज़ा लगाया जा सकता है। विधायक को चाहिए था कि वे बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते या फिर बच्चों को प्राचीन धरोहर विद्क्यार झील के महत्व के बारे में बताते। लेकिन इसके बजाय बच्चों के सामने अनुचित बातें कहकर वे उन्हें गलत दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। सुरभि गर्ग ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब विधायक सुरजेवाला ने विवादास्पद टिप्पणी की हो। इससे पहले भी उन्होंने भारत के संविधान को लेकर आपत्तिजनक बयान दिए थे। "विधायक आदित्य सुरजेवाला को ऐसे बयानों पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए," उन्होंने कहा। चेयरपर्सन ने आगे कहा कि विद्क्यार झील के जीर्णोद्धार का कार्य नगर परिषद के माध्यम से चल रहा है। "इसके लिए 50 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया है, लेकिन विधायक इसे दलदल बताकर गुमराह कर रहे हैं।

# गोस्वामी समाज ने गोस्वामी नीरज देवी का किया सम्मान

**राजनीतिक तथा सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के चलते समाज की तरफ से किया गया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अलेवा



अलेवा। बिधराना गांव में गोस्वामी नीरज देवी को सम्मानित करते समाज के लोग।

गोस्वामी समाज ने गांव बिधराना में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपाल गोस्वामी ने की तथा मुख्य रूप से गोस्वामी नीरज देवी ने भाग लिया। इस दौरान गोस्वामी नीरज देवी को समाज में राजनीतिक तथा सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभांने के चलते समाज की तरफ से गोस्वामी छैल्लू राम द्वारा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजपाल ने कहा कि समाज की होनहार बेटी गोस्वामी नीरज ने सामाजिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है। जिसके चलते समाज की एक मात्र महिला है जो हर क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रही है।

इस अवसर पर जगदीश, सत्यनारायण, रामशरण, प्रीतम, माहियाराम बलदेव के अलावा अंगूरी देवी, कविता, नीलम, कमला, मनीषा, लक्ष्मी, लीला देवी समेत गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भलाई की दीवार की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना



उचाना। नेकी की दीवार के शुभरंभ पर पहुंचे प्रमुख लोग एवं भारत विकास परिषद पदाधिकारी।

रजबाहा रोड पर यूनियन बैंक के पास भारत विकास परिषद द्वारा भलाई की दीवार की शुरुआत उचाना शाखा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख समाज सेवी सतपाल गोयल, डॉ. सुरेश गुप्ता ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता जिला सचिव सुमित शर्मा ने की। दीवाली के पर्व उचाना शाखा के पदाधिकारी, सदस्य ईंट-भट्ठों पर जाकर मजदूरों को गर्म कपड़े बांटने के साथ दिवाली का पर्व उनके साथ मनाएंगे। प्रधान अनूप खापड़ ने कहा कि भलाई का दीवार की शुरूआत इसलिए की है ताकि सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों के लिए गर्म कपड़े एकत्रित कर सकें। यहां पर कोई भी व्यक्ति आकर घर पर जो गर्म कपड़े या किसी भी तरह के कपड़े, जूते जो नहीं पहनते है वो देकर जा सकते है। यहां से कोई भी जरूरतमंद आकर अपने हिसाब से जो कपड़े, जूते है वो लेकर जा सकता है। मा. हरिकेश कापड़ो ने कहा कि जो भी दिव्यांग विद्यार्थी है उसको वो मुफ्त कोचिंग देंगे। केशव शाखा नरवाना के संरक्षक सतीश सेतिया ने कहा कि समाज सेवा के कार्य में निरंतर आगे आना चाहिए।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर सचिव अमित, कोषाध्यक्ष साहिल, सुनील शास्त्री, शीशपाल शास्त्री, प्राचार्य अनिल शर्मा, बाबूराम मखंड, विकास, सतीश कुमार, मा. बलवंत शर्मा, वेद फौजी, राममेहर मौजूद रहे।

# विधायक ने नगूरां में नवनिर्मित बैंक शाखा का किया उद्घाटन

**उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री ने बांटे वित्तीय सहायता के चेक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अलेवा



अलेवा। नगूरां बैंक शाखा में संयुक्त देयता समूह एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करते विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री।

जींद सेंट्रल कोओपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा सोमवार को नगूरां गांव में नवनिर्मित बैंक शाखा का उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जींद केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड चेयरमैन ओमप्रकाश ढांडा ने की तथा मुख्यातिथि के रूप में उचाना कलां के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने भाग लिया। इस दौरान विधायक ने दी जींद केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा नगूरां के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संगठक कुलदीप, प्रांत युवा आयाम प्रमुख अजय राणा तथा विभाग संयोजक राजेंद्र गुप्ता ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन बैंक महाप्रबंधक जय प्रकाश सोनी व उपचेयरमैन अनिल सैनी ने किया। इस दौरान नगूरां, पेगां तथ अलेवा शाखाओं द्वारा संयुक्त रूप से 200 संयुक्त देयता समूह एवं 60 स्वयं सहायता समूहों की कुल 900 महिलाओं को स्वावलंबी भारत अभियान के तहत पांच करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

# बाल भवन में बच्चों ने जमाया रंग

**फन प्रतियोगिता के लड़की वर्ग में नव दुर्गा स्कूल की श्रुति रही प्रथम**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

बाल भवन में जिलास्तरीय बाल महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को फैंसी ड्रैस, क्विज, बैस्ट ड्रामेबाज, फन गेम आदि प्रतियोगिता में जिलेभर के लगभग 65 स्कूलों के लगभग 648 छात्रध्छात्राओं ने भाग लिया। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सभी स्कूली बच्चों को बाल भवन जींद में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकीयत चहल ने बताया कि प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. रचना शर्मा, जयवीर ढांडा, नरेंद्र अत्री, रामफल खटकड़, डा. संदीप शर्मा, नीरज कुमार, डा. सोनू बंसल, डा. सुमिता आशरी, ज्योति आदि ने निभाई। इस अवसर पर राकेश कुमार, कशिश सिंगला, विनोद कुमार, मोती राम, प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय बाल महोत्सव के दूसरे दिन फन प्रतियोगिता के लड़की वर्ग में नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की श्रुति प्रथम एकोमल दूसरे तथा आधार पब्लिक स्कूल की सौमा तीसरे स्थान पर रही। जबकि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की वंशिका को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार फन प्रतियोगिता के लड़का वर्ग में आधार पब्लिक स्कूल के शौर्य को प्रथम, पर्व को दूसरा व नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अंश को तीसरा स्थान मिला। जबकि आधार पब्लिक स्कूल के हिमांशु को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

### राष्ट्रीय नवाचार दिवस मनाकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

# बरसाना में बच्चों को दिखाया विकसित भारत का रोडमैप

**विकसित भारत बिल्डकॉन अभियान की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। कार्यक्रम देखते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में कक्षा छठी से बारहवी के बच्चों को विकसित भारत बिल्डकॉन कार्यक्रम जो सुबह 10 बजे से 12 बजे तक राष्ट्रीय स्तर पर दिखाया गया। जिसमें राजकीय माध्यमिक विद्यालय बरसाना के बच्चों ने अपने अध्यापकों की देखरेख में उत्सुकता पूर्वक देखा। मुख्याध्यापक जंग बहादुर, अध्यापक सुखबीर, प्रमोद, राजेश वशिष्ठ ने बच्चों को कार्यक्रम के साथ-साथ अलग-अलग जानकारी भी दी। जो बच्चों के लिए जानना अत्यंत जरूरी था। अध्यापक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि 23 सितंबर 2025 को लान्च किया गया, यह अभियान केवल एक प्रतियोगिता नही बल्कि एक राष्ट्रीय नवाचार आंदोलन है। जिसका मकसद विद्यार्थियों में नवाचार, तार्किक सोच और उद्यमिता की भावना को जड़ से विकसित करना है। यह पहल आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी ज्ञान, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन और समावेशी समृद्धि के सिद्धांतों पर आधारित है। इससे आत्मनिर्भर भारतए स्वदेशी तकनीकी समाधानों का विकास। स्वदेशी, पारंपरिक भारतीय ज्ञान और कौशल को आधुनिक रूप देना। वोकल फॉर लोकल, स्थानीय उद्योगों, उत्पादों और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना है।

### स्टार्टअप को लेकर मिलेगी प्रेरणा

*राजेश वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि आज राष्ट्रीय नवाचार दिवस के रूप में मनाया गया है। जिसमें पूरे भारत वर्ष से एक करोड़ विद्यार्थी शामिल हुए हैं। बच्चों द्वारा ऑनलाइन प्रोजेक्ट सबमिशन 14 से 31 अक्टूबर 2025 है। एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों की एक साथ भागीदारी इसे विश्व स्तर पर सबसे बड़े नवाचार अभियान के रूप में स्थापित करती है। यह पहल शिक्षा को वास्तविक समस्याओं के समाधान से जोड़ती है। विद्यार्थियों को इंडस्ट्री मेंटर्स से जोड़ती है और उनके लिए इन्क्यूबेशन एवं स्टार्टअप के रास्ते खोलती है।*